Title: Need to transfer the employees of Coal India Limited, particularly those posted in sensitive posts for a long period.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : कोल इंडिया लिमिटेड के प्रत्येक अनुषंगी कम्पनियों में संवेदनशील और सामान्य पदों पर कई वर्षों से अधिकारीगण एक ही पद और स्थान पर कार्य कर रहे हैं। इस प्रथा से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है और ईमानदार अधिकारीगण को कम्पनी के हित में कार्य करने से वंचित रखा जा रहा है।

मैंने हाल में कोयला सलाहकार समिति की बैठक में दिल्ली कार्यालय स्थित कोल इंडिया लिमिटेड के कार्यालयों में 15-20 वर्षों से संवेदनशील पदों पर कार्यरत अधिकारियों के सम्बन्ध में सरकार का ध्यान आकृट कराया। परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

अतः सरकार से आग्रह है कि संवेदनशील पदं पर और एक ही स्थान पर कई वर्षों तक पदस्थापित रहने वाले अधिकारियों का स्थानान्तरण किया जाए और योग्य, कर्मठ और ईमानदार अधिकारियों की सूची बनाकर नए अधिकारियों को पदस्थापित किया जाए।